
# उत्तराखंड के सिलक्यारा बचाव अभियान पर बनेगी फिल्म



वास्तविक घटना पर फिल्म बनाएंगे आमिर खान। फाइल

वास्तविक घटनाओं से प्रेरित होकर पिछले दिनों कई फिल्में बनी हैं। अब उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू मिशन पर भी फिल्म बनाने की तैयारी है। आमिर खान प्रोडक्शंस और कबीर खान फिल्म्स के साथ आस्ट्रेलिया के माइंड ब्लोइंग फिल्म्स ने नई फिल्म की घोषणा की है, जिसका नाम सिलक्यारा 41 होगा। साल 2023 में उत्तराखंड में सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के कारण 41 मजदूर फंस गए थे। 17 दिनों के बचाव अभियान के बाद सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इस बचाव अभियान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध टनल विशेषज्ञ एवं आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के गौरव प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की इसमें अहम भूमिका थी, जिसे इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा। फिल्म की कहानी मशहूर आस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू अनास्तासियोस ने लिखी है और इसका निर्देशन कबीर खान करेंगे। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब भारत और आस्ट्रेलिया दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। आमिर ने कहा कि इस साझेदारी की घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल रेस्क्यू की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह साहस, धैर्य, सूझबूझ व इंसानियत की ऐसी कहानी है, जिसमें असंभव लगने वाली परिस्थितियों के बीच भी उम्मीद जिंदा रही। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि दो देशों के साथ बनाई जा रही ऐसी कहानी है, जो अंतरराष्ट्रीय सहयोग और इंसानी जज्बे की जीत का जश्न मनाती है।